卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 76 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦22 दिसम्बर 2022 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कोरोना ने फिर बढ़ाई चिंता

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)।चीन में कोरोना वायरस के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सोशल मीडिया पर चीन से डरावनी तस्वीरें सामने आ रही हैं। चीन में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत में भी कोरोना का खतरा एक बार फिर बढ़ गया है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार एक्शन में आ गयी है। कोरोना को लेकर देश में अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने आज इसको लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलायी हैं वहीं कई प्रदेशों में भी बैठक बुलायी गयी है। चीन में बढ़ते कोरोना का असर सबसे ज्यादा भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिल



रहा है। लगातार तीसरे दिन गुरुवार को गिरावट का सिलसिला जारी है। इसकी बड़ी वजह ये है कि विदेशी निवेशक एक बार फिर सेलिंग के मूड में आ गए हैं। हालांकि भारत में अभी कोरोना के बहुत ज्यादा मामले सामने नहीं आए हैं। कोरोना को लेकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गुरूवार को समीक्षा बैठक लेकर अफसरों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करवाएं और अस्पतालों, बस, रेलवे स्टेशन, बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय के साथ तैयारी करें। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति के परामर्श के अनुसार आगे की नीति तय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय , भारत सरकार से (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कंटेनर की टक्कर से स्कूटी सवार दो की मौत

देहरादून (उद संवाददाता)। बेकाबू कंटेनर ने देर शाम एक स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना सूचना पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के मुताबिक कुल्हाल में शिमला बाइपास पर साई धर्मकांटा के पास बेकाबू कंटेनर संख्या यूके 06सीबी-3746 ने स्कूटी संख्या एचपी17जी-4394 को जबरदस्त टक्कर मार दी। घटना इतनी भयावह थी कि कंटेनर स्कूटी सवारों को करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गया तथा स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार अमनिंदर सिंह निवासी वार्ड नंबर 7 शिवा कालोनी पोंटा साहिब हिमांचल प्रदेश व कमलजीत सिंह निवासी उपरोक्त गंभीर घायल हो गये। दुर्घटना में स्कूटी सवार दोनों व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विकासनगर ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक द्वारा दोनों व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी विकासनगर भेज दिया। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

## भोपालपानी पुल ढहने से आवाजाही हुई ठप

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून-थानो संपर्क मार्ग पर भोपालपानी पुल अचानक ढह गया। आनन-फानन पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और आवाजाही बंद कराई। इस दौरान पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस ने ट्रैफिक वैकल्पिक मार्ग से चालू किया। थाना रोड पर बना भोपालपानी पुल पहले से क्षतिग्रस्त था। गुरूवार को उसका एक और हिस्सा नीचे गिर गया है। जिस कारण दोनों तरफ से आवजाही बंद कर दी गई। इससे पहले देहरादून-थानो संपर्क मार्ग पर भोपालपानी पुल धंसाव को लेकर उठे विवाद के बीच मुख्य अभियंता (राष्ट्रीय राजमार्ग) ने जांच पूरी करने के साथ ही रिपोर्ट प्रमुख अभियंता को सौंप दी थी। मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया था कि फिलहाल पुल किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। तकनीकी विशेषज्ञों की जांच में पुल की दीवारें पूरी तरह सुरक्षित पाई गई हैं। प्रमोद कुमार का यह भी कहना था कि जल्द ही धंसाव वाले इलाके की मरम्मत कर पुल पर यातायात बहाल कर दिया जाएगा। मुख्य अभियंता का कहना था कि पुल की दीवारों को तोड़ने के साथ ही नए सिरे से बनाने या किसी भी प्रकार के अतिरिक्त निर्माण की कोई जरूरत नहीं है। जिस तरीके से रेत-बजरी (शेष पृष्ठ 7 पर)



## शादी कराने के बहाने युवती का कर दिया सौदा

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मामला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शादी के लिए दिखाने के बहाने कुछ लोगों ने युवती का एक लाख में सौदा कर दिया। शादी से मना करने पर उससे बेरहमी से मारपीट की गई। असलियत पता चलने पर युवती किसी तरह उनके चंगुल से बचकर भाग कर अपने घर आई और माता को सारी बात बताई। शिकायत करने के बाद भी जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दर्ज रपट में मालती देवी पत्नी स्व. तुला राम निवासी बोरा कालौनी कमलुआगंजा मेहता हिम्मतपुर तल्ला हल्द्वानी ने आशा देवी पत्नी रामकुमार, योगेश पुत्र रामकुमार निवासीगण हल्द्वानी, चमेली पत्नी स्व. मोर सिंह व सुनील पुत्र अज्ञात निवासीगण रम्पुरा के विरूद्ध आरोप लगाते हुए कहा है कि हल्द्वानी में ही रहने वाली आशा देवी ने उससे कहा कि तुम्हारी लड़की शादी लायक हो गयी है। उसकी बहन चमेली रम्पुरा रूद्रपुर में रहती है की रिश्तेदारी में एक सुशील व सुयोग्य लड़का है। चमेली उसकी भी मुँह बोली बहन है। अगर आप कहो तो कल अपनी बेटी को मेरी बहन के घर रम्पुरा भेज देना और वही बातचीत हो जायेगी। आशा देवी की बातों पर विश्वास करते हुये अपनी लड़की को रूद्रपुर भेज दिया। जिसके बाद उसकी लडकी घर फटे हुये कपड़ों व उसके शरीर पर काफी चोटें थी बुरी हालत में वह घर पहुँची। जब पुत्री से पूछा कि ये सब कैसे हुआ तब पुत्री ने रोते हुये बताया कि वह जब मुह बोली मौसी के यहां रम्पुरा गयी थी तब उनके द्वारा उसे एक व्यक्ति से मिलवया गया जो काफी उम्र दराज था। उसे देखकर शादी से मना कर दिया। इतना सुनते ही चमेली, उसके साथ सुनील व चमेली का भतीजा योगेश पुत्र रामकुमार ने उसे एक कमरे में बन्द करके उससे मारपीट शुरू कर दी और कहने लगे कि हम जिससे कहेंगे उसी से शादी करनी पडेगी अन्यथा जान से खत्म कर देगे। पुत्री ने बताया उसे कमरे में बन्द करने के बाद बाहर उसकी मुँह बोली मौसी किसी से फोन से बात कर रही थी कि तुम्हारी और (शेष पृष्ठ 7 पर)

## अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा अग्निशमन केन्द्र

### काशीपुर-बाजपुर में हुई 2465 अग्निकाण्डों में 100 करोड़ से अधिक का नुकसान

काशीपुर(उद संवाददाता)। वर्ष 2000 से 2022 तक काशीपुर-बाजपुर क्षेत्र में 2465 अग्निकाण्ड हुये है तथा इसमें रू. 100 करोड़ 10 लाख 8965 का अनुमानित नुकसान हुआ है। जबकि अग्निशमन केन्द्र काशीपुर व बाजपुर में अधिकारी, कर्मचारियों के 31 प्रतिशत 20 पद रिक्त है। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को अग्निशमन अधिकारी कार्यालय काशीपुर द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी कार्यालय उधमसिंह नगर से उत्तराखंड गठन से सूचना उपलब्ध कराने की तिथि तक के अग्निकाण्डों, उससे हुये नुकसान तथा अग्निशमन केंद्रों में कर्मचारी अधिकारी के स्वीकृत व रिक्त पदों की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में अग्निशमन अधिकारी/लोक सूचना अधिकारी काशीपुर ने अपने पत्रांक 06 दिनांक 10-12-22 से 10दिसम्बर 22 तक की सूचना उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार वर्ष 2000 से वर्ष 2022 (10 दिसम्बर तक) काशीपुर-बाजपुर अग्निशमन केन्द्र के क्षेत्र में कुल 2465 अग्निकाण्ड हुये हैं तथा इसमें 100 करोड़ 10 लाख 8 हजार 665 रू. का अनुमानित नुकसान हुआ है।श्री नदीम को वर्षवार उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2000 में 76 अग्निकांडों में 42,70,100 रूपये, वर्ष 2001 में 89 अग्निकांडों में 20,04,050 रूपये, वर्ष 2003 में 121 अग्निकांडों में 5366500 रूपये, वर्ष 2004 में 94 अग्निकांडों में 2586500 रूपये, वर्ष 2005 में 126 अग्निकांडों में 2925300 रूपये, वर्ष 2006 में 103 अग्निकांडों में 36950100 रूपये, वर्ष 2007 में 120 अग्निकांडों में 8869300 रूपये, वर्ष 2008 में 102 अग्निकांडों में 11584400 रूपये, वर्ष 2009 में 131 अग्निकांडों में 31289900 रूपये, वर्ष 2010 में 85 अग्निकांडों में 29068400 रूपये, वर्ष 2011 में 86 अग्निकांडों में 7677200 रूपये, वर्ष 2012 में 138 अग्निकांडों में 112056000 रूपये, वर्ष 2013 में 86 अग्निकांडों में 9789000 रूपये, वर्ष 2014 में 77 अग्निकांडों में 5753000 रूपये, वर्ष 2015 में 94 अग्निकांडों में 7759000 रूपये, वर्ष 2016 में 137 अग्निकांडों में 6852000 रूपये, वर्ष 2017 में 126 अग्निकांडों में 11553500 रूपये, वर्ष 2018 में 126 अग्निकांडों में 12717500 रूपये, वर्ष 2019 में 138 (शेष पृष्ठ सात पर)

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाये एक लाख

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। साईबर ठगी के मामले थम नहीं रहे हैं। जन जागरूकता अभियन चलाने के बावजूद आये दिन लोग साइबर ठगों के झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। एक और मामले में एक खाता धारक के खाते से ऑनलाईन 99999उड़ा लिये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अनिल दसौनी पुत्र गोपाल सिह दसौनी निवासी शांतिपुरी नम्बर दो ने कहा है कि 18 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके एकाउण्ट से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 99,999 रूपये निकाल लिये है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कोर्ट के आदेश पर लूट का मामला दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब दो माह पूर्व रम्पुरा में हुई लूट की घटना की रपट कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई है। दर्ज रपट में गुरमीत सिंह पुत्र कुलवन्त सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेडा ने सोनू खत्म पुत्र अज्ञात व उसके 8-10 अन्य साथियों के विरूद्ध कहा है कि गत 25 अक्टूबर रात्रि वह अपने प्लाट जो कि रम्पुरा गुरुद्वारा के पास में स्थित है पर आया था। तभी रम्पुरा के रहने वाले सोनू खत्म अपने 8-10 साथियों के साथ उसके पास आ गया और गाली गलौच करने लगा। गुरमीत का आरोप है कि उसे अकेला पाकर उसके साथ लूटपाट कर जेब में रखे (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सीपीयू ने फिर पेश की मानवता की मिसाल

### चलती बाइक से गिरी नौ माह की गर्भवती को पहुंचाया अस्पताल

काशीपुर(उद संवाददाता)। सिटी पेट्रोल यूनिट के जवानों ने ड्यूटी के दौरान एक बार फिर से मानवता की मिसाल पेश करते हुए मोटरसाइकिल से असंतुलित होकर गिरी गर्भवती महिला को तत्काल मौके से उठाकर नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। घायल महिला नौ माह के गर्भ से है। स्थानीय लोगों को जब सीपीयू कर्मियों द्वारा दो-दो जिंदगियों को बचाने का पता चला तो उन्होंने जवानों के इस कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। जानकारी के मुताबिक बुधवार को अपराहन बाद लगभग 3:15 बजे



दढ़ियाल रोड पर कुसुम वाटिका के समीप तेज रफ्तार से चली जा रही मोटरसाइकिल पर पीछे सवार गर्भवती महिला अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क पर गिरकर घायल हो गई। इस दौरान उधर से होकर गुजर रही सीपीयू की जंबो मोबाइल टीम ने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए सड़क पर गिरी महिला को उपचार के लिए नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में पता चला कि घायल महिला चौखंडी लोहिया पुल थाना आईटीआई निवासी सरबजीत कौर पत्नी मनजीत सिंह 9 माह के गर्भ से है। सिटी पेट्रोल यूनिट के जवानों के इस कार्य की क्षेत्र में मुक्त कंठ (शेष पृष्ठ सात पर)

## 20 हजार का इनामी किया गिरफ्तार

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। वांछित और ईनामी बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलो जा रहे अभियान के



तहत केलाखेड़ा पुलिस ने बीस हजार के ईनामी बादमाश को गिरफ्तार किया है। एएसपी अभय सिंह ने बताया कि क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन व थानाध्यक्ष केलाखेड़ा के नेतृत्व में थाना केलाखेडा पुलिस टीम ने थाना केलाखेडा से वांछित 20 हजार के ईनामी अभियुक्त अली जान पुत्र मोहम्मद जान निवासी ग्राम भव्वा नगला केलाखेड़ा (शेष पृष्ठ सात पर)


## हजारों की नगदी सहित सटोरिया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने सट्टे की अवैध खाई बाड़ी में लिप्त एक और शातिर को दबोचकर उसके कब्जे से सट्टे की पर्ची पेंडारी के अलावा हजारों रुपयों की नकदी बरामद करने में सफलता पाई है। पता चला है कि कोतवाली पुलिस रोजाना की भांति क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने कटोराताल चौकी क्षेत्र में कन्फेक्शनरी की दुकान के पास से संदिग्ध हालत में (शेष पृष्ठ 7पर)

# स्वास्थ्य महानिदेशक ने सभी जनपदों को जारी किये सतर्क रहने के निर्देश

## कोरोना संक्रमितों के 10 प्रतिशत सैंपलों को जीनोम सीक्वेसिंग के लिए भेजने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। कोरोना वायरस के नए वेरिएंट को लेकर उत्तराखंड में स्वास्थ्य महकमा भी सतर्क हो गया है। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश के बाद जल्द ही नई एसओपी (मानक प्रचलन प्रक्रिया) जारी की जाएगी।स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. शैलजा भट्ट ने भी सभी जिलों को कोरोना संक्रमितों के 10 प्रतिशत सैंपलों को जीनोम सीक्वेसिंग के लिए भेजने के लिए निर्देश दिए हैं। चीन समेत कई देशों में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने से केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश के बाद उत्तराखंड भी निगरानी बढ़ाने के साथ जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए जिलों को निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डा. शैलजा भट्ट ने विभागीय अधिकारियों की बैठक कर सीएमओ को निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमितों के 10 प्रतिशत सैंपलों की अनिवार्य रूप से जीनोम सीक्वेंसिंग कराई जाए। जिससे कोरोना के नए स्ट्रेन का पता लग सके। उन्होंने बताया कि राज्य में अभी तक ओमिक्रॉन के पुराना स्वरूप का प्रभाव है। वायरस का नया वेरिएंट नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना वायरस के नए स्वरूप का पता लगने के लिए दून मेडिकल कॉलेज में संक्रमित सैंपलों की जीनोम सीक्वेसिंग की जा रही है। इसमें यह पाया गया कि कोरोना की तीसरी लहर में सामने आया ओमिक्रॉन वेरिएंट राज्य में सक्रिय है। जो घातक नहीं है। प्रदेश में अभी तक राजकीय मेडिकल कॉलेज देहरादून में ही कोरोना वायरस के नए वेरिएंट का पता लगने के लिए संक्रमितों के सैंपलों की जीनोम सीक्वेंसिंग की जा रही है। शीघ्र ही अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में भी



जीनोम सीक्वेंसिंग की जाएगी। इसके लिए लैब स्थापित की जा रही है। वर्तमान में कोविड जांच के लिए 12 सरकारी लैब स्थापित हैं। इसके अलावा 30 से अधिक निजी पैथोलॉजी लैब में भी कोविड जांच हो रही है। राज्य में कोरोना संक्रमण की सामान्य स्थिति है। प्रतिदिन औसतन दो से तीन संक्रमित मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को प्रदेश भर में 350 सैंपलों की जांच की गई। इसमें चार लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। वर्तमान में सक्रिय मरीजों की संख्या 29 है। सैंपल जांच के आधार पर प्रदेश में संक्रमण दर 1.14 प्रतिशत और रिकवरी दर 96 प्रतिशत है। प्रदेश में कोरोना का पहला मामला 15 मार्च 2020 को देहरादून में मिला था। इसके बाद से अब तक प्रदेश में 4.49 लाख से अधिक लोग कोरोना संक्रमण की चपेट में आए हैं। इसमें 4.31 से अधिक संक्रमित स्वस्थ हुए हैं। कोरोना से प्रदेश में 7751 लोगों की मौत हुई है। पड़ोसी देश चीन में कोरोना के बढ़ते मामले ने चिंता बढ़ा दी है। लिहाजा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए देश-प्रदेश में भी फिर से एहतियात बरतनी शुरू कर दी गई है। हालांकि भारत में पिछले लंबे समय से कोरोना संक्रमण के मामलों में गिरावट है। पर पड़ोसी देश में जिस तरह कोरोना संक्रमण फिर तेजी से बढ़ रहा है उसे देखते हुए सरकार किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहती है। केंद्र की तरह राज्य में भी कोरोना संक्रमण को लेकर दोबारा सतर्कता बरती जाने लगी है। स्वास्थ्य महानिदेशक डा. शैलजा भट्ट ने जीनोम सीक्वेंसिंग को लेकर सभी जनपदों को निर्देश जारी किए हैं। कहा गया है कि इसे लेकर गंभीरता से कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## जल्द जारी होगी कोविड एसओपी : धन सिंह

देहरादून। स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देश पर उत्तराखंड में भी जल्द ही कोरोना से बचाव की एसओपी जारी की जाएगी। कहा कि उत्तराखंड में कोरोना जैसे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन एहतियातन एसओपी जारी कर उसे प्रभावी किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डा. रावत बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में पहुंचे थे। चीन में फिर से कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार की चिंता पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में भी गाइड लाइन तय की जाएगी। भारत सरकार के दिशा-निर्देश का इंतजार और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा की जा रही है। डा. रावत ने कहा कि राज्य में 1800 वेलनेस सेंटर बनाए जा रहे हैं। 750 सीएचओ को नौकरी दी जा रही है। पांच ग्राम सभाओं में एक सीएचओ की तैनाती होगी। वहीं ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं देगा और स्क्रीनिंग देगा। राज्य में 25 लाख लोगों की हेल्थ आईडी बनाई जाएगी। सबकी जांच फ्री होगी और आयुष्मान भारत में फ्री इलाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर व्यक्ति का फ्री इलाज इलाज करवा रही है। छह लाख से अधिक लोग आयुष्मान भारत में इलाज करवा चुके हैं। 12 लाख निशुल्क जांच की गई हैं। खुशियों की सवारी में दो लाख गर्भवती महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी कराई गई। दवा और इलाज फ्री मिला है। डा. रावत ने कहा कि एक जनवरी से प्रदेश में ड्रग फ्री देवभूमि जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। 15 लाख बच्चे इस अभियान में शामिल किए जाएंगे। बच्चे रैली निकालेंगे और युवा पीढ़ी को नशा मुक्त करने के जागरूक करेंगे।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस पुलिस ने अवैध शराब सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल अमित जोशी व महेन्द्र कुमार पहाड़गंज क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर वह कल्याणी नदी के पास पहुंचे जहां एक व्यक्ति बैठा दिखायी दिया। पुलिस को देखकर वह एक कट्टा उठाकर कल्याणी नदी की तरफ भागा। जिस पर पुलिस कर्मियों ने घेरकर उसे पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता हरिओम पुत्र पीताम्बर निवासी वार्ड 22 रम्पुरा बताया। उसके पास मौजूद कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें कुल 57 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए।

# घने कोहरे से धीमी पड़ी वाहनों की रफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। शीतलहर व घने कोहरे ने सड़कों पर चलने वाले वाहनों की रफ्तार धीमी की। से वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कोहरे की वजह से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। अधिकांश लोग घरों में दुबके बैठे हुए हैं। शहर में लघु उद्योग पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। सर्दी के



इस मौसम में ठंडी हवाओं में यात्रियों को ठिठुरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। लोग अपने घरों में अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। इधर सुबह कोहरे के कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों, छोटे बच्चों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मॉर्निंग वॉक करने वाले को भी परेशानी बढ़ गई है। बिजली की विद्युत कटौती से भी शहरवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली की कटौती होने के कारण लोग ठंड से राहत देने इलैक्ट्रोनिक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। शीतलहर और ठंड के प्रकोप से लोगों को घरों से निकलना दूभर हो गया है। दोपहर धूप निकलने के कारण मौसम कुछ घंटों के लिए मौसम सामान्य हो जाता है।

## अवैध शराब सहित बाइक सवार दबोचा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अवैध रूप से कच्ची शराब की बिक्री करने वाले आरोपी को 60पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत दफा 60 में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान पर एसआई दीवान सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। सूचना मिली की एक युवक काले रंग का बैग पीठ पर रखकर अवैध रूप से कच्ची शराब की बिक्री करने जा रहा है। हरकत आई पुलिस ने चेकिंग दौरान ग्राम सुनखरी पुलिया के तिराहे से बाइक पर एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस को शक होने पर पुलिस ने बैंग की तलाशी ली



तो आरोपी के बैंग से 60 पाऊच कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त प्लेटिना बाइक यूपी 25 एफ 4319 को भी सीज किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम देवीपुर निवासी रंजीत सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह बताया। पकड़े वाली टीम में एसआई दीवान सिंह बिष्ट, नवीन जोशी, नवनीत कुमार, आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## नगर पंचायत नहीं कर रहा अलाव जलाने की व्यवस्था

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। बढ़ती ठंड के प्रकोप में नगर पंचायत ने अलाव जलाने की व्यवस्था भी अभी तक नहीं की है। जिससे व्यापारियों में रोष पनपता दिखाई दे रहा है। कोहरे व सर्द हवाओं से बढ़ती ठंड के बीच में नगर पंचायत की ओर से ठंड से निपटने के कोई पुख्ता को इंतजाम नहीं किए गए। नगर में चिन्हित स्थानों पर अलाव के इंतजाम न होने से कारण आम जनमानस को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य चौराहे एवं सरकारी बस स्टैंड अस्पताल आदि सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था अभी तक नदारद है। ठंड के प्रकोप के चलते यात्री ठिठुरन होने पर मजबूर हैं। नगर पंचायत की ओर से हर वर्ष जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की जाती है जिससे शहर में आने वाले श्रद्धालु एवं राहगीरों अलाव में ठंड का बचाव करते हैं। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब एक पर्यटन स्थान है। गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाने के लिए हजारों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं मगर प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था न होने पर लोगों में भारी रोष है। श्रद्धालुओं एवं यात्री मुख्य चौराहे पर बस के इंतजार करते हैं व्यापारियों ने प्रशासन से नगर के मुख्य चौराहे पर एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग की।

## कांग्रेस ने 28 पर्यवेक्षक नियुक्त किये

देहरादून। कांग्रेस ने 26 जनवरी से प्रदेश में शुरू हो रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिए 27 जिला एवं महानगर के 28 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने कहा कि सभी पर्यवेक्षक अपने जिले में जिला स्तरीय बैठक की तिथि तय कर इससे प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत कराएं। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि हरिद्वार महानगर का प्रदेश महामंत्री राजेंद्र चौधरी, रुड़की महानगर का प्रदेश महामंत्री पीके अग्रवाल, हरिद्वार ग्रामीण का प्रदेश महामंत्री राजपाल खरोला, रूड़की ग्रामीण का प्रदेश महामंत्री याकूब सिद्धिकी, देहरादून महानगर का राजवीर सिंह चौहान, परवादून का पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, पछवादून का प्रदेश महामंत्री अतोल रावत को पर्यवेक्षक बनाया गया है। ऋषिकेश महानगर का राजेश रस्तोगी, पौड़ी गढ़वाल का प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप, कोटद्वार का प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, टिहरी का प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत, देवप्रयाग का दर्शन लाल, उत्तरकाशी का धनीलाल शाह, पुरोला का नीरज त्यागी, चमोली का प्रदीप थपलियाल, रूद्रप्रयाग का वीरेंद्र सिंह रावत, अल्मोड़ा का महेश शर्मा, बागेश्वर का महेंद्र लुंठी, रानीखेत का हेमंत बगड़वाल, चंपावत का डॉ. गणेश उपाध्याय, पिथौरागढ़ का प्रदेश उपाध्यक्ष भगीरथ भट्ट, डीडीहाट का रणजीत दास, नैनीताल का प्रेमानंद महाजन, हल्द्वानी का अनूपम शर्मा, ऊधमसिंह नगर का संजीव आर्य व सतीश नैनवाल, काशीपुर का हरेंद्र लाडी और रुद्रपुर का प्रदेश उपाध्यक्ष ममता हल्दार को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

**प्रपत्र सं. आईएनसी – 26**

[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में सीनांतरित करने हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित करने हेतु विज्ञापन,

**क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय, दिल्ली के समक्ष**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप–धारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप–नियम (5) के क्लॉज (क) के विषय में

**आर्चिडप्लाई डेकोर लिमिटेड के विषय में,**

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत पंजीकृत कम्पनी, जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नंबर 7, सेक्टर–9, इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एस्टेट, सिडकुल, पंत नगर, उधमसिहं नगर, उत्तराखंड – 263153, भारत में स्थित है तथा जिसका सीआईएन : L20231UR2017PLC008626 है

.........याचिकादाता

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि **मैसर्स आर्चिडप्लाई डेकोर लिमिटेड** द्वारा **16 अगस्त, 2021** को सम्पन्न इसकी वार्षिक सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निबंधनों में कम्पनी को इसका पंजीकृत कार्यालय **"उत्तराखंड राज्य"** से **"कर्नाटक राज्य"** में स्थानांतरित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कम्पनी के संस्था ज्ञापन के क्लॉज–।। में संशोधन की पुष्टि हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के अधीन एक आवेदन, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां **निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर** सुपुर्द कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र को बी–2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली– 110003 के पते पर इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर सुपुर्द करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को नीचे वर्णित पते पर स्थित इसके पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए :

प्लॉट नंबर 7, सेक्टर–9, इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एस्टेट, सिडकुल, पंत नगर, उधमसिहं नगर, उत्तराखंड – 263153, भारत

**कृते एवं हिते निदेशक मंडल**
**वास्ते आर्चिडप्लाई डेकोर लिमिटेड**
**हस्ता./–**
**(मवूरी शिवा किरण)**
**कम्पनी सचिव**

**स्थान : बेंगलुरू**
**तिथि : 22–12–2022**

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में लिये कई फैसले

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंध क कमेटी की बैठक में रुके हुए विकास कार्यो के साथ ही विभिन्न कार्यों पर चर्चा कर कई प्रस्ताव पारित किए गए। मंगलवार को गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी श्री नानकमत्ता साहिब के प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की बैठक कमेटी के अध्यक्ष डॉ. हरबंस सिंह चुघ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। देर शाम तक चली बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कमेटी की ओर से अधूरे छोड़े गए निर्माण कार्य पूरे किए कराने का निर्णय लिया। बताया कि गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज के भवन का निर्माण, पुराना पार्किंग स्थल की छत और अधूरी दुकानों को पूर्ण किया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब में बड़ी संख्या में चढ़ाए जाने वाले रुमाला की पुन: बिक्री कराई जाएगी। रुमालों की बिक्री लाइब्रेरी से किए जाने तथा रुमाला की पुन: बिक्री से प्राप्त भेंट धनराशि से एक पृथक कोष तैयार किया जाएगा। इस फंड का उपयोग सिख बच्चों की शिक्षा में करने का निर्णय लिया। बैठक में तराई क्षेत्र से अमृतसर एवं चंडीगढ़ के लिए सीधी रेल गाड़ियों की मांग करने का कमेटी से प्रस्ताव पारित किया गया। इस संबंध में कमेटी पत्राचार करेगी। आनंद कारज के माध्यम से होने वाले सिख विवाह को विधिक मान्यता विषयक आनंद विवाह अधिनियम उत्तराखंड सरकार में भी पास किया जाए। इसके लिए श्री नानकमत्ता साहिब कमेटी की ओर से भी प्रस्ताव पारित किया गया है। राज्य सरकार से इसे उत्तराखंड में भी लागू करने का अनुरोध किया जाएगा। भारत सरकार की ओर से 2012 में पारित यह अधिनियम एक दर्जन से अधिक राज्यों में मान्य व स्वीकार है। जनवरी 2023 को अमावस्या में बच्चों के लिए दस्तारबंदी का कार्यक्रम तथा पांच फरवरी 2023 को भाई सहजपाल सिंह की अगुवाई में अमृत प्रचार संगत का महान समागम श्री नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे में आयोजित कराने, गुरुद्वारा साहिब की लगभग 100 एकड़ भूमि पर यूकेलिप्टस का प्लांटेशन लगाने एवं गुरुद्वारा साहिब आने वाले अतिथियों का स्वागत सरोपे के रूप में धार्मिक साहित्य देकर करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन कमेटी के महासचिव अमरजीत सिंह ने किया। बैठक में सचिव हरभजन सिंह, जोगेन्दर सिंह, देवेंद्र सिंह, निर्मल सिंह, गुरवंत सिंह सोनी, प्रतपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुखदेव सिंह, चरनजीत सिंह, पलविंदर सिंह आदि मौजूद थे।




**शीघ्र आवश्यकता है**

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम**, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता**-7 & 8 ,**रुद्रा ऑर्केड कॉम्पलैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**

Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127

www.sampurnajeevan.com



**Shri Shyam Properties**

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657



**वाटर प्रूफिंग**

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

**प्रो. शादाब खान**

**9012051994, 6399038125**

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर



**अरोरा डेन्टल केयर**

Dental Facilities / सुविधायें



डा. गगनदीप गुम्बर
B.D.S.,PGDHA
(Oral Implantologist)
M.9837081085

डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध

- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling



डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा
B.D.S.,(Dental Surgeon)
M.9997327642

(15 साल का अनुभव)

1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur


# आदित्य नाथ झा इंटर कॉलेज में लगायी जायेगी चित्र प्रदर्शनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार का विभाग केंद्रीय संचार ब्यूरो देशभर में केंद्र सरकार की नीतियों,सामाजिक चेतना के विषयों पर जागरण, राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने, के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों, चित्र प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आदि के माध्यम से के प्रचार प्रसार का कार्य करता है। विभाग की नैनीताल इकाई, आगामी 26 और 27 दिसंबर को अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर में एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन करने जा रही है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस चित्र प्रदर्शनी में एक भारत श्रेष्ठ भारत, सुशासन दिवस और पूर्व प्रधनमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मोत्सव विषय पर कार्यक्रम किये जायेंगे। साथ ही भारत को जी-20 देशों की अध्यक्षता का जो अवसर प्राप्त हुआ है उसके लक्ष्यों और उसके अन्तर्गत पूरे वर्ष के आयोजनों के विषय में भी इस प्रदर्शनी में जानकारी दी जायेगी। प्रदर्शनी में विशेष रूप से भारतीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल को जीवनी पर आधारित चित्रों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। भारत के एकीकरण में उनके किए गए योगदान को भी दिखाया जायेगा। दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में साँस्कृतिक कार्यक्रमों, देशभक्ति गीतों, लोक नृत्यों का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। उक्त विषय पर दर्शकों के मध्य विभिन्न वक्ताओं द्वारा जानकारी दी जाएगी। जिससे विद्यार्थी स्वतंत्रता समर और उसके बाद की परिस्थितियों को वर्तमान के परिपेक्ष्य में समझने का प्रयास करेंगे। साथ ही साथ यहां पर प्रदेश सरकार की जिला स्तर पर चलाई जा रही जन काल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे, जिसमें उन योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारियां दी जाएंगी। यह प्रदर्शनी प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक समस्त क्षेत्रवासियों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी को देखने के लिए आम जन के साथ साथ समस्त विद्यालयों और अन्य संस्थानों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिससे कि प्रदर्शनी को देखने अधिक से अधिक लोग आ सके।

# एसएसपी ने किया धारानौला चौकी का निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद ब्यूरो)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने चौकी धारानौला का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण में चौकी परिसर और कार्यालय की साफ -सफाई को चेक किया गया। प्रभारी चौकी इंचार्ज एवं संबंधित कर्मचारी गणों को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। सभी कर्मचारी गणों की ड्यूटी की जानकारी ली गई, कार्यालय व बीट में नियुक्त सभी कर्मचारी गणों को अपनी ड्यूटी पूर्ण ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से करने एवं चौकी में आने वाले आगंतुकों/ फरियादियों से शालीनता पूर्वक व्यवहार कर उनकी सहायता करते हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा धारानौला क्षेत्र से यातायात जाम व सड़क पर अतिक्रमण की शिकायतें होने पर प्रभारी इंटरसेप्टर व चौकी पुलिस बल को साथ लेकर स्वयं धारानौला बाजार व आसपास क्षेत्र में यातायात जाम व अतिक्रमण का जायजा लिया। इस दौरान जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान का सामान सड़क पर लगाया था, उन सभी से दुकान का सामान हटवाया गया और सड़क पर किसी भी प्रकार से अतिक्रमण नही करने हेतु कहा गया। साथ ही जो वाहन सही ढंग से पार्किंग में खड़े नहीं थे। जिससे यातायात व्यवस्था में व्यवधान हो रहा उनका प्रभारी इंटरसेप्टर से चालान कराया गया। स्थानीय लोगों/ टैक्सी चालकों और दुकानदारों से यातायात व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी। प्रभारी चौकी इंचार्ज को धारानौला क्षेत्र में नशे की प्रवृति, तस्करी/बिक्री करने वालो पर सतर्क दृष्टि रख कार्यवाही करने, बाहरी/संदिग्ध व्यक्तियों व आवागमन करने वाले सभी वाहनों को चेक करने व धारानौला बाजार में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु निरंतर चेकिंग में रहने हेतु निर्देशित किया गया।



# एचआइवी एड्स को लेकर किया जागरूक

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुलिस लाइन में एचआइवी एड्स जागरूकता को कार्यशाला आयोजित की गई। फार्मासिस्ट हरी प्रसाद की संयुक्त टीम ने जवानों को जागरूक किया। उन्होंने एचआवी वायरस के फैलने और रोकथाम के अलावा शुरूआती लक्षणों के बारे में जानकारी दी। एड्स से बचाव, सुरक्षा और रोकथाम के उपकरणों आदि की जानकारी दी। कहा कि एचआइवी व एड्स के प्रति जो भ्रांतियां फैली हैं। उनको मिटाना साथ ही इस बीमारी से पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाना है। वायरस के जेनेटिक मटेरियल आरएनए, एंटीजन व एन्टीबांडी, फैलने के कारण के साथ ही इसकी टेस्टिंग के प्रकार, दुष्प्रभाव के बारे में बताया। कहा कि एचआइवी एक लाइलाज बीमारी है। जिसका बचाव ही उपचार है। इस दौरान निरीक्षक टीआर बगरेठा आदि उपस्थित थे।



# 13 लाभार्थियों को पौने दो करोड़ का ऋण स्वीकृत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के तहत 13 लाभार्थियों को एक करोड़, 75 लाख, 77 हजार का ऋण स्वीकृत किया गया। जिलाधिकारी ने शहर व आस-पास होम स्टे के प्राप्त आवेदनों पर संभावनाओं का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पर्यटन विकास अधिकारी को दिए। कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वरोजगार हेतु आ रहे आवेदनों की भलीभांति जांच कर आवेदकों को योजना से लाभांवित करें। उन्होंने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सभी बैंक प्रबंधकों से स्वंय संपर्क कर विभिन्न बैंकों को भेजे जा रहे आवेदन पत्रों को समय से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें, ताकि बेरोजगारों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा सके। समिति द्वारा गैर गैर वाहन मद में 55 लाख, वाहन मद में 96 लाख, 52 हजार, दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे योजना में 22 लाख,ट्रैकिंग ट्रक्शन सेंटर होम स्टे पर दो लाख, 25 हजार स्वीकृत कर विभिन्न बैंको को भेजे गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, लीड बैंक अधि कारी एनआर जौहरी, महाप्रबंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल, कर अधिकारी हरीश रावल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्या आदि मौजूद रहे।

# बाल शोध मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सुल्तानपुर पट्टी (उद संवाददाता)। रा आ प्रा वि सुल्तानपुर द्वितीय में बालशोध मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय में न्हें मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाये गये जिसमें पढ़ाई के परम्परागत तरीकों से हटकर नवीन विधाओं द्वारा सीखने सिखाने की पद्धतियों का प्रदर्शन हुआ। बाल शोध मेले का शुभारम्भ उपजिलाधिकारी राकेश चन्द्र तिवारी और प्रधानाचार्य जीजीआईसी पुरुषोत्तम व प्रधानाचार्या जीजीआईसी रश्मि पांडे, प्रधानाध्यापक राजेन्द्र कुमार सबसैनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बाल मेले में 22 विद्यालयों के 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मेले में कोसी नदी मॉडल, पानी की टंकी का मॉडल और कार्यप्रणाली मापन के मानक और अमानक तरीकों आदि को अत्यधिक सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी अग्रवाल, रचना वर्मा द्वारा किया गया। मेले के आयोजन में अजीम प्रेम जी फाउंडेशन सदस्य डॉ विजय पाण्डेय द्वारा सहयोग किया गया। मेले में अधिशासी अधि कारी इसके अलावा नगर पंचायत सुल्तानपुर अलावा मनोज , जाहिद हुसैन उपस्थित रहे। कुमार, रोटा, राजवीर सिंह, कुंवर पाल, दीपक कुमार, ज्ञानो देवी, सुरेश कुमार, आदि उपस्थित रहे। उप महोदय ने अपने सम्बोधन में कोसी नदी में रहे अवैध खनन को जनमानस के लिए नुकसानदेह बताया। जिसे मेले में एक मॉडल द्वारा प्रदर्शित किया गया।



# केदारेश्वर मैदान में होगा उत्तरायणी मेला

कपकोट(उद संवाददाता)। कपकोट के केदारेश्वर मैदान में उत्तरायणी मेला भव्यता से मनाने का निर्णय लिया है।नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेले की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।कपकोट में सांस्कृतिक दृष्टि से क्षेत्रीय सँस्कृतियो, झोड़ा चाचरी, सहित दानपुर की सँस्कृति को देश प्रदेश में स्थान देने के लिए विशेष पहल की जाएगी।अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि मेले को भव्य बनाने के लिए सभी लोगों से पर्याप्त सहयोग की अपील की।बैठक में कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने मेले को पर्याप्त सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में मेले को भव्य बनाने हेतु सभी विभागों को आपस में तालमेल बनाते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए के निर्देश देने की बात कही। मेलाध्यक्ष ने कहा कि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री के करीबी क्षेत्र के विधायक हो तो मेले में चार चांद लगना लाजिमी है।ऐसे में सभी जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विधायक को भरपूर सहयोग कर मेले को भव्य बनाने के लिए सहयोग की अपील की। बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष और पत्रकार शेर सिंह ऐठानी, कपकोट के सभासदऔर पत्रकार तनुज तिरूवा, भराड़ी और कपकोट व्यापार मंडल के सम्मानित पदाधिकारी सहित समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



# किसानों ने उठाई विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के द्वारा क्षेत्रीय किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक महापंचायत अनाज मंडी परिसर में आयोजित की गई। पंचायत में तमाम समस्याओं पर चर्चा करते हुए सीएम को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम मनीष बिष्ट को सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। बुधवार को अनाज गल्ला मंडी में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी की अध्यक्षता में किसानों की 8 सूत्रीय मांगों को लेकर महापंचायत की गई। महापंचायत में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के कई किसान नेताओं ने सहभागिता करते हुए अपने विचार रखे। बैठक में किसानों की भूमि के नियमितीकरण के बाद भी मालिकाना हक न मिलने पर नाराजगी जताई गई। साथ ही सरकारी समितियों में हो रही अनियमितत्ताओं की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का मुद्दा भी महापंचायत में खासा चर्चा में रहा। किसानों का आरोप था कि सहकारी समितियों से यूरिया खाद लेने के दौरान जबरन अन्य उत्पाद भी लेने का दबाव बनाया जाता है जिस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। बैठक में वर्ग 4 के पिछले समय से कब्जे भरने के बंद कार्य को पुनः प्रारंभ कर किसानों को राहत पहुंचाने की भी मांग की गई। महापंचायत को उत्तर प्रदेश से पहुंचे युवा अध्यक्ष दिगंबर सिंह, धामपुर से दर्शन सिंह, महेंद्र सिंहऔर काशीपुर से पहुंचे प्रताप सिंह विर्क सहित तमाम वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि अन्नदाता कहलाए जाने वाले देश के किसान से काबिज भूमि को ना छीना जाए उन्होंने कहा कि सरकारी या बंजर वर्ग 4 इत्यादि सभी प्रकार की भूमि में निर्मित किसानों के आवासों की भूमि को आबादी में दर्ज कर उन्हें स्वामित्व कार्ड जारी किए जाएं। कहा कि गूलरभोज और नानकमत्ता के बांध से हटाकर किसानों को दी गई भूमि को भूमि धरी की श्रेणी में दर्ज कर उन्हें उनका हक दिया जाए। और वर्तमान फसली तक काबिज किसानों को उचित शुल्क (नजराना) लेकर भूमिधरी का अधिकार दिया जाए। कलसी ने कहा कि नानकमत्ता बांध बनाते समय वहां से हटाए गए 164 परिवारों की 2365 एकड़ भूमि जोकि अधिग्रहित की गई थी उनको उसके बदले आज तक भूमि प्राप्त नहीं हुई है जिसमें गुरुद्वारा साहिब नानकमत्ता की भूमि भी सम्मिलित थी उनको कहीं और भूमि दी जाए। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन को किसानों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करना चाहिए। कहा किसान बढ़ती हुई महंगाई और उपज के कम दाम मिलने से दोहरी मार झेल रहा है जिससे वह आर्थिक रुप से कमजोर होता जा रहा है। महापंचायत का संचालन कर रहे जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह गोराया ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को रखते हुए किसानों से संगठन की सक्रियता और मजबूती के लिए आगे आने का आह्वान किया। संगठन के पदाधिकारियों ने महापंचायत के बीच पहुंचे उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित आठ सूत्रीय मांग पत्र सौपते हुए किसानों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। गुरुद्वारा माता साहिब कौर दिनेशपुर के कार सेवा ट्रस्ट द्वारा गुरु के लंगर की सेवा की गई सइस दौरान तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट भी मौजूद रहे। महापंचायत में अमरजीत सिंह संधू, स्वदेश कुमार डंग, महल सिंह, कृष्ण लाल शर्मा, सुखविंदर सिंह बठला,सुखदेव कंबोज ,साहब सिंह, भजनलाल कंबोज कुलदीप सिंह, गुरजीत सिंह, महेंद्र सैनी, रोशन लाल ,सतपाल मैनी, संजय, सर्वजीत सिंह, साहब सिंह,वीरेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, लक्खा सिंह, दर्शन सिंह, गुरदास सिंह, ताराचंद,मोहम्मद यामीन जीत सिंह,सर्वजीत सिंह, गुरजीत सिंह, कुलदीप सिंह धीर, प्रताप सिंह सहित तमाम किसान मौजूद रहे।



# ठंड से राहत के लिए नगर निगम ने जलवाये अलाव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कड़ाके की ठण्ड और शीत लहर से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने शहर में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने शुरू कर दिये हैं। मेयर रामपाल सिंह के निर्देश पर नगर निगम कर्मचारियों ने इंदिरा चौक, बस स्टैंड, भगत सिंह चौक, गांधी पार्क, बालाजी द्वार,श्रमिक अड्डा, सिडकुल ढाल, अटरिया मोड़ सहित कई स्थानों पर अलाव जलाये हैं। मेयर रामपाल ने बताया कि कुछ दिनों से घने कोहरे और शीत लहर के बाद अचानक ठण्ड बढ़ गयी है। आने वाले दिनों में शीत लहर का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है। इसी को देखते हुए राहगीरों को ठण्ड से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है। सर्दियों तक यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। उन्होनें बताया कि ठण्ड को देखते हुए नगर निगम के माध्यम से रेन बसेरा में भी सभी व्यवस्थायें दुरूस्त कर दी गयी हैं। मेयर रामपाल ने लोगों से ठण्ड से खुद भी अपना बचाव करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोरोना का खतरा अभी भी कम नहीं हुआ है, इसको लेकर भी सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही सर्दियों में बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सुबह शाम कोहरे के कारण के कारण सड़कों पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। बहुत अधिक जरूरत पड़ने पर ही रात को घरों से निकलें, और कोहरे में वाहनों को धीमी गति से ही चलायें।





# गदरपुर की मुस्कान लोकसभा में देंगी भाषण

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर की सामाजिक शैक्षिक संस्थाओं के अलावा खेल स्पर्धाओं तथा भाषण प्रतियोगिताओं में क्षेत्र का नाम करने वाली मुस्कान चावला आगामी 25 दिसंबर को लोकसभा में गणमान्यों की उपस्थिति में पं.मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उनकी विचारधारा एवं जीवनी पर आधारित भाषण देकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। एक वार्ता में मुस्कान चावला ने बताया कि लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कैबिनेट मंत्रियों, अधिकारियों एवं गणमान्य की उपस्थिति में उनके द्वारा भाषण दिए जाने के लिए उन्हें न्योता दिया गया है। उन्होंने बताया कि पं.मदन मोहन मालवीय की जीवनी एवं विचारधारा पर आधारित उनके भाषण को देश के 25 राज्यों से 8 राज्यों के चुनाव के दौरान निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि मुस्कान चावला द्वारा भगत सिंह डिग्री कॉलेज रुद्रपुर से शिक्षा ग्रहण करने के साथ अनेकों सामाजिक खेल प्रतियोगिताओं,स्पर्धाओं,भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया गया उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया स्पेशल जूरी भाषण के लिए उन्हें चयनित कर के भाषण का मौका दिया गया था। राष्ट्रीय युवा भाषण में उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त किया उनके द्वारा राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नेहरू युवा क्लब की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पद पर मनोनीत है उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिताश्री राजकुमार चावला, माताश्री रेखा रानी चावला और छोटी बहन तनीषा चावला के अलावा गुरुजनों एवं अन्य समाजसेवी संस्थाओं को दिया क्षेत्र के गणमान्य द्वारा मुस्कान चावला की सफलता के लिए और उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामना की जा रही है।



# विशाल श्री बालाजी दरबार 24 को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति अर्जुन गुप्ता के निवास पर श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार आगामी 24 दिसम्बर को आयोजित होगा। जानकारी देते हुए समाजसेवी अर्जुन गुप्ता ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आवास विकास स्थित उनके निवास 'देवाश्रय' में श्री बालाजी महाराज का विशाल जागरण एवं भण्डारा का आयोजन 24 दिसम्बर को होगा। जिसमें भजन गायकों द्वारा पूरी रात श्री बालाजी महाराज का गुणगान किया जायेगा। दरबार से पूर्व विशाल भण्डारा भी आयोजित होगा। श्री गुप्ता ने बाबा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा का गुणगान सुनने का आहवान किया है।

# छात्र-छात्राओं को पुलिस ने किया जागरूक

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में पुलिस द्वारा एंटी ड्रग गोरा शक्ति एप एवं यातायात की जानकारी दी गई। थाने में तैनात एसआई मंजू पंवार द्वारा कॉलेज की छात्र छात्राओं को नशे को रोकने के लिए जागरूक किया गया, एसआई ने बताया कि नशा,गांजा,शराब,स्मैक आदि से नुकसान होता है,ऐसे में गोरा शक्ति ऐप के माध्यम से आप अगर ऐसा कोई नशा विरोधी कार्य होता है तो आप शिकायत कर सकते है, महिला कांस्टेबल बिद्यारानी,बबीता रानी द्वारा,गोरा शक्ति एप डाउनलोड करने की जानकारी दी गई, कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रोफेसर अंजला दुर्गापाल द्वारा बच्चों को नशे से दूर रहने का और अन्य जानकारियां दी गई, मौके पर डॉ दर्शन सिंह मेहता, डॉ चंपा टम्टा, डॉ राकेश कुमार, दीप्ति कार्की, डॉ मोनिका बिष्ट, डॉ स्वाति पंत मौजूद थी।

# एकेडमी के 4 खिलाड़ियों का प्रदेश फुटबॉल टीम में चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एमेनिटी स्पोर्ट्स एकेडमी के 4 खिलाड़ियों का चयन उत्तराखण्ड फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। 76वीं राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता संतोष ट्रॉफी जो कि 23 दिसम्बर से दिल्ली खेली जानी है। इसमे ग्रुप 1 में कर्नाटका, दिल्ली, गुजरात, उत्तराखण्ड त्रिपुरा एवं लद्दाख की टीमें है। उत्तराखंड का प्रथम मैच लाख से 23 दिसंबर को दिल्ली में खेला जाना है। इस प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड की फुटबॉल टीम का चयन किया गया जिसमें एमेनिटी स्पॉट्स एकादमी के सौम्य टम्टा, डॉली नामक, अजय बिष्ट, भरत मेहरा का चयन हुआ है। डॉली नामक, अजय बिष्ट पिछले माह दिल्ली सीनीयर डिविजन फुटबॉल लीग खेल चुके है। भरत मेहरा जो कि अंडर-19 भारतीय फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है जो कि एया कप में इन्डोनेशिया में अपना जलवा बिखेर चुके है। सौम्य टम्टा जो कि उमरते हुए एक होनहार खिलाड़ी है 18 साल की आयु में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इनके चयन पर डायरेक्टर सुभाष अरोरा ने एमनिटी स्पॉट्स एकादमी के खिलाड़ियों एवं इनके प्रशिक्षक अमित वर्मा को बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आता व्यक्त की इस बार उत्तराखंड की टीम अच्छा प्रदान करेगी।



# रूद्रपुर की छात्राओं ने किकबॉक्सिंग में जीते तीन स्वर्ण पदक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजिलपुर महरौला, रुद्रपुर की तीन छात्राओं ने जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किए। जिससे विद्यालय की अन्य छात्राओं के बीच खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर गुरुवार को विद्यालय परिवार ने तीनों छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया।जानकारी देते हुए विद्यालय की रसायन विज्ञान प्रवक्ता शुभा रावत ने बताया कि दिनांक 18 दिसंबर 2022 को अल्केमिस्ट अकैडमी, खटीमा में जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वावधान में जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता 2022 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संपूर्ण जनपद से 113 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 12 में अध्ययनरत लोरी ने अंडर 18 आयुवर्ग बालिका वर्ग की प्वाइंट फाइट स्पर्धा में स्वर्ण पदक, कक्षा 8 की तन्नू ने अंडर 14 आयुवर्ग सब जूनियर बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक, कक्षा 9 की सोनम कोली ने अंडर 16 आयुवर्ग कैडेट बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। प्रतियोगिता के दौरान सभी छात्राओं को मुख्य अतिथि अल्केमिस्ट अकैडमी खटीमा की चेयर पर्सन डॉ. दिव्या रावत, जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन उधम सिंह नगर के महासचिव सेंसई जॉनी हिराम तिग्गा, सेंसेई शोभा तिग्गा, अमेच्योर कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव सेंसेई किशोर सिंह, जिला जु-जित्सू संघ महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र देकर व पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रवक्ता शुभा रावत ने बताया कि तीनों छात्राएं लगभग 2 वर्षों से ऋषि मार्शल आर्ट्स एकेडमी रुद्रपुर में मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हैं। एवं तीनों छात्राएं अन्य कई प्रतियोगिताओं में भी पदक जीतकर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन कर चुकी हैं। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पार्वती देवी, मुख्य कराटे प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती, गृह विज्ञान प्रवक्ता बसंती रानी, जीव विज्ञान प्रवक्ता विनीता चौधरी, संगीता नेगी, सोभा, विमला प्रसाद, ममता, भावना, संतोष, पूनम, निधि, अहिल्या मिश्रा, अलका यादव, सुषमा, माया सहित सभी स्टाफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# प्रभारी पुष्कर काला ने टटोली कार्यकताओं की नब्ज

## बूथ स्तर तक टीम को सक्रिय करने का दिया मन्त्र

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भाजपा जिला कार्यालय पर बिगवाड़ा में आयोजित नवीन जिला कार्यकारिणी स्वागत व आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रथम बार प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी पुष्कर काला, प्रदेश मंत्री व सह प्रभारी गुरविंदर चंडोक का जिला कार्यालय पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से जोरदार स्वागत हुआ। नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों व प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारियों को शाल ओढ़ाकर समानित किया गया। बैठक का प्रारंभ दीप प्रज्वलित व वंदेमातरम गीत से हुआ। बैठक में पुष्कर काला ने बैठक के दौरान कहा हमारा प्रदेश स्तर से लेकर जिला की टीम तक का गठन हो गया है और आने वाले दिनों में मण्डल तक की कार्यकारणी अस्तित्व में आने वाली है। प्रभारी काला ने कहा भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर तक सक्रिय रहने के लिये जानी जाती रही है उसके संकल्प को आगे ले जाते हुए भाजपा आने वाले समय में हर बूथ सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने वाली है। पुष्कर काला ने कहा भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व का आह्वान है कि सशक्त बूथ सक्रिय बूथ के नारे के साथ भाजपा बूथ स्तर तक जाने वाली है। आने वाले समय में देश मे लोकसभा चुनाव से लेकर राज्य में निकाय जैसे महत्वपूर्ण चुनाव आने वाले हैं जिनको लेकर प्रदेश भाजपा बूथों को सक्रिय ओर मजबूत बनाने की ओर जोर देगी। जिसमें इस बार महिलाओं की भूमिका भी विशेष रहने वाली है हमारी सरकार तो महिलाओं का समान करती आ रही है और भाजपा भी बूथ की कार्यकारिणी में भी महिलाओं को सक्रिय करने जा रही है। पुष्कर काला ने कहा इस बार मन की बात कार्यक्रम भी विशेष होने वाला है उस दिन भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है जिसको देखते हुए हर बूथ पर मन की बात का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और पिछले चुनाव में कमजोर रहे बूथों पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रभारी ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जायेगी और हर बूथ पर उनके चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करने जैसे कार्यक्रम को लेकर यह बैठक का आयोजन हुआ। प्रभारी के नाते आगे भी जिला प्रवास रहेगा और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिये अंतिम पायदान पर बैठे हर गरीब व्यक्ति तक जाने का कार्य हम करेगे सरकार की योजना को जन जन तक ले जाते हुए हमारा प्रवास बूथ स्तर तक बना रहेगा। बैठक में रुद्रपुर विध ायक शिव अरोरा, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री लीलावती राणा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला महंमन्त्री अमित नारंग, सतीश गोयल, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इंतजार हुसैन,उत्तम दत्ता, इंद्रपाल मान, राजेश तिवारी, हिमांशु बिष्ट, शालनी बोरा, शिखा हल्दार, सपना राणा, रश्मि रस्तोगी, मोहिनी पोखरिया, परवेज खान, किशोर जोशी, ओम नारायण, शानू खान, गजेंद्र प्रजाति, राकेश सिंह विनय बत्रा, दिग्विजय खाती,मयंक कक्कड़, शाह खान, मीना शर्मा, सुशील यादव, शैली फुटेला, योगेश वर्मा, धीरेश गुप्ता, राधेश शर्मा, सुनील यादव नीता सक्सेना, फरजाना बेगम, श्वेता मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






# उत्तराखंड की फुटबॉल टीम का चयन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 76 वी सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चौंपियनशिप नॉर्थ जोन संतोष ट्रॉफी जो कल 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक दिल्ली मैं आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य की फुटबॉल टीम भी प्रतिभाग कर रही है। उत्तराखंड प्रदेश की फुटबॉल टीम का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में अभिनव सिंह नेगी, अमित नेगी, बादल रावत, अनुज रावत, भरत मेहरा, अजय बिष्ट, अजय सिंह, दीपक सिंह रावत, ऋषभ अधिकारी, रोहित कुमार, शैलेंद्र सिंह नेगी, रक्षित, सार्थक सिंह, सौरभ कुमार, ऋषभ, सुचारू डबराल, सौम्य टम्टा, वीरेंद्र पांडे, डोली नोमूक, अभिषेक रावत, विशाल सोना, फैसल टीम कैप्टन शैलेंद्र सिंह नेगी शामिल हैं। टीम के साथ कुंदन सिंह चंद्रा चीफ कोच ए लाइसेंस, सहायक कोच वीरेंद्र मनकोटी जायेंगे। उपयुक्त राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रति भाग करने के लिए उत्तराखंड प्रदेश की फुटबॉल टीम ने प्रस्थान किया। उत्तराखंड फुटबॉल टीम का प्रथम मैच कल 23 दिसंबर को लद्दाख टीम के साथ होगा। राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता लीग के आधार पर खेली जाएगी।



# युवा वॉलिंटियर्स की संजीवनी मित्र टीम चलायेगी नशे के खिलाफ अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी के आदेश पर जनपद पुलिस नशे की चेन को तोड़ने के लिए लगातार अभियान चला रही है। हरवंश सिंह एस.पी. सिटी के दिशा- निर्देशन में पुलिस द्वारा प्रत्येक थाना क्षेत्र में जाकर अब स्थानीय युवा वॉलिंटियर्स की संजीवनी मित्र टीम स्थानीय लोगों, स्कूली बच्चों एवं नशे की लत से पीड़ित युवाओं को ना सिर्फ जागरूक कर रही है बल्कि पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उन्हें सही राह पर लाने का प्रयास भी कर रही है। इसी क्रम में अभिनय चौधरी क्षेत्राधिकारी लालकुआं द्वारा नशे के विरुद्ध जंग में चोरगलिया थाना क्षेत्रांतर्गत नशे के खिलाफ पुलिस की नई पहल के तहत चोरगलिया क्षेत्र के विभिन्न युवा स्थानीय वॉलिंटियर्स को साथ जोड़कर प्रारंभ में 30 स्थानीय युवाओं की टीम तैयार की गई। जो पुलिस के साथ मिलकर चोरगलिया क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों, स्कूल के बच्चों में नशे के खिलाफ जन- जागरूकता चलाएंगे तथा नशे की रोकथाम व अपराधियों पर कार्यवाही करने के लिए स्थानीय पुलिस का सहयोग करेंगे। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लालकुआं द्वारा गठित स्थानीय युवाओं की संजीवनी मित्र टीम को थाना चोरगलिया स्तर से तैयार की गई टी-शर्ट वितरित की गई। इसके अतिरिक्त थानाध्यक्ष चोरगलिया द्वारा भी स्थानीय युवा वालंटियर्स को संबोधित कर उन्हे इस कार्य हेतु प्रोत्साहित करते हुए क्षेत्र के अन्य युवाओं को टीम में जोड़ने की अपील की गई। जिससे नशे की चेन को अतिशीघ्र तोडा जा सके।



# नव निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भाजपा जिला इकाई की मंडलसेरा स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित हुई।जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिलास्तरीय पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष फर्स्वाण ने सभी कार्यकर्ताओं के हितों के लिए कार्य करना अपनी प्राथमिकता बताया।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट कर सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को मजबूत करने की बात कही।वही 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में संगठित होकर चुनाव जीतने के लिए अभी से कमर कसने की बात कही।मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत सिंह भौर्याल ने कहा कि भाजपा में बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ता को एकसमान समझा जाता है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। हमें सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों को आमजन तक ले जाना है।बैठक में सभी मंडल और बूथ स्तर सहित महिला मोर्चा, किसान मोर्चा,सहित सभी इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ के कार्यकर्ता मौजूद थे।इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि चमोली जिले प्रभारी कुंदन परिहार ने कहा कि भाजपा का संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। यहां हर कार्यकर्ता का सम्मान किया जाता है। सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती को कार्य करने को कहा। जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने नई टीम को बधाई दी तथा अपने दायित्वों का निर्वहन कनने को कहा। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव,वरिस्ठ भाजपा कार्यकर्ता राम सिंह कोरंगा, विक्रम शाही,जिला ब्लाक प्रमुख पुष्पा आर्या,हेमा बिष्ट,किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजेन्द्र परिहार, उपाध्यक्ष खड्क सिंह टँगड़िया,रवि करायत, समेत सभी मोर्चों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री सजंय परिहार और घनश्याम जोशी ने किया।




# युंका प्रदेश उपाध्यक्ष साहू का जोरदार स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू का युवा कार्यकर्ताओं ने बुधपार्क में फूल माला पहनाकर स्वागत किया और जमकर आतिशबाजी एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी जमकर हर्ष जताया। इस मौके पर उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा पार्टी में अधिक से अधिक युवाओं



को जोड़कर प्रदेश व देश की जनविरोधी सरकार के खिलाफ आम जन की आवाज मजबूती के साथ उठाया जायेगा। स्वागत करने वालों में छात्र नेता जगदीश बिष्ट, योगेन्द्र साहू, अंकुश शर्मा, सीता साहू, निकिता, प्रीति आर्या, सचिन राठौर, रितिक साहू, चिरौजी लाल, सुशील रॉय, काजल आर्या, खेमराज साहू, रोहन दिवाकर, मीना कश्यप आदि थे।

# आसरा ट्रस्ट ने छात्राओं को बांटे स्कूली बैग

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में चलाए जा रहे बालिका शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से 'आसरा ट्रस्ट द हंस फाउंडेशन टाइटन कन्या प्लस' के माध्यम से स्कूल की बालिकाओं को स्कूल बैग के साथ शिक्षण सामग्री का सामान प्रदान किया गया। जिला उधमसिंह नगर प्रोजेक्ट के आसरा ट्रस्टश के प्रोग्राम मैनेजर मिस्टर पृथ्वी सिंह एवं आसरा ट्रस्ट के लाइफ स्किल मेंटर विनीता और गुड़िया,आसरा ट्रस्ट की ट्विटर मिस ज्योति, मिस प्रियंका, मिस कमलेश, मिसिज मोनिका और मिस दीपा थे। इस दौरान स्कूल की सभी शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया स प्रधानाचार्य माया चनयाना द्वारा ट्रस्ट के अधिकारियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. किरण पांडे,डॉ,नीरजा वर्मा, नंदिनी शर्मा, उर्वशी ग गंगवार,ललिता रानी आदि शिक्षिकाएं भी मौजूद रही।



# नहर में गिरकर युवक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी क्षेत्र में एक युवक अचानक नहर में गिर कर फंस गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस एवं नगर निगम की टीम ने कड़ी मुशक्कत के बाद युवक को नहर से निकाला और उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मुखानी क्षेत्र अंतर्गत मुखानी चौराहे पर भोजन का ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले 37 वर्षीय राम सिंह बिष्ट पुत्र स्वर्गीय जीत सिंह बिष्ट निवासी लालडांठ तिलकनगर खाना बनाते समय अचानक नहर में गिरकर फंस गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस एवं नगर निगम की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर युवक को नहर से बाहर निकाला और उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में गए। जहाँ से युवक को सुशीला तिवारी चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहाँ चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी चिकित्सालय आ गए और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नये संक्रमण से बचाव की चिंता

भारत में कोविड टीकाकरण अभियान के तहत जहां महामारी से बचाव की बुस्टर डोज लगवाई जा रही है वहीं दूसरी तरफ अब एक बार फिर हर वर्ष बदलते कोविड के नये वेरिएंट से लोगों को सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में 250 करोड़ से अधिक टीके लगाये जाने का आकड़ा पहुंच चुका है। हांलाकि टीके लगाने के बावजूद संक्रमण के बदलते स्वरूप से बचाव के साथ बीमारी के लक्षण दिखने पर लोगों की सैंपलिंग समेत आवश्यक दवाई आपूर्ती करने व प्राथमिक उपचार की उचित व्यवस्था करने की जरूरत है। चीन में कोरोना संक्रमण में तेजी से बढ़ोतरी होने लगी है और भारी तादाद में लोग इसके शिकार हो रहे हैं।पिछले कुछ समय से कोरोना संक्रमण के मामलों में जैसी गिरावट आई थी और हर तरफ राहत का माहौल देखा जा रहा था, उससे यह लगने लगा था कि अब शायद दुनिया पहले की तरह सामान्य स्थिति की ओर लौट रही है। लेकिन अब फिर चीन से जैसी खबरें आ रही हैं, वह एक तरह से सतर्क रहने की चेतावनी हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले चीन कोरोना को पूरी तरह शून्य करने की नीति पर चल रहा था और इसी वजह से वहां सार्वजनिक जीवन और गतिविधियों को लेकर कई स्तर पर अब भी सख्ती कायम थी। कई जगहों पर पूर्णबंदी जैसे हालात थे। लेकिन लगातार बंदिशों से जब वहां लोग परेशान हो गए और इसका विरोध करने लगे तब सरकार ने कुछ हद तक प्रतिबंधों में छूट दे दी। संक्रमण के मामलों के सीमित होने के दौर में यह एक स्वाभाविक स्थिति थी। लोगों को उम्मीद थी कि महामारी की मार से राहत के बाद अब वे सामान्य जिंदगी जी सकेंगे। मगर पिछले कुछ दिनों के भीतर चीन से आने वाली खबरों में बताया गया है कि वहां फिर से कोरोना विषाणु के संक्रमण में तेजी से बढ़ोतरी होने लगी है और भारी तादाद में लोग इसके शिकार हो रहे हैं। सब जानते हैं कि इस विषाणु और उसके संक्रमण से उपजी बीमारी की शुरुआत से ही चीन से हुई थी और उसके बांद दुनिया का अनुभव बेहद त्रासद रहा। यही वजह है कि अब एक बार फिर चीन में जब कोरोना संक्रमण से हालात बिगड़ने की खबरें आ रही हैं तब दुनिया के अनेक देशों के साथ–साथ भारत में भी चिंता की लहर दौड़ गई है। खबरों के मुताबिक चीन में स्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है और संक्रमितों के इलाज के लिए अस्पतालों में जगह नहीं मिल पा रही है। पहले दौर में जब वुहान से विषाणु के संक्रमण की खबरें आईं थी, तब शायद वक्त पर अपने–अपने देशों में सावधानी बरतने को लेकर उतनी जागरूकता नहीं आ पाई थी। इसलिए उसका असर भी यह हुआ कि अमूमन सभी देश इसकी चपेट में आए। भारत उससे सबसे ज्यादा बुरी तरह प्रभावित होने वाले देशों में से एक था। इसलिए स्वाभाविक ही इस बार चीन में कोरोना से स्थिति बिगड़ने की खबरें आने के साथ ही भारत में सावधानी बरतने को लेकर जरूरी कदम उठाए जाने लगे हैं। इसके मद्देनजर बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में संक्रमण से बचाव के लिए हर स्तर पर सावधानी बरतने की बात कही गई है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में कोरोना के बहुरूपों के असर को सीमित करने से लेकर टीकाकरण की उपलब्धियों को देखते हुए चिंता करने की जरूरत नहीं है, मगर जिस तरह कोरोना के एक बहुरूप ओमीक्रान बीएफ.7 के मामले पाए जाने की खबर आई है, उसमें अपने स्तर पर सावधानी बरतना हर हाल में फायदा ही पहुंचाएगा। दरअसल भारत में कोरोना से बचाव के लिए जिस तरह व्यापक स्तर पर टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया और लोगों ने इस मसले पर जागरूकता दिखाई, वह यहां राहत का एक बड़ा कारण है। माना जा रहा है कि टीकाकरण के मामले में भारत को जैसी उपलब्धि मिली है, उसमें अब कोरोना के बहुरूपों के संक्रमण से लोग बचे रहेंगे। टीका बनाने वाली कंपनियों के साथ–साथ सरकार की ओर से भी इस बात का आश्वासन दिया गया था कि टीका कोरोना के खिलाफ एक सुरक्षा दीवार के तौर पर काम करेगा। इसके बावजूद विषाणुओं की प्रकृति को देखते हुए हर स्तर पर सजग रहने की जरूरत है।

# अग्नि–5 मिसाइल का परीक्षण बड़ी उपलब्धि

देश की सबसे शक्तिशाली अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल अॅग्नि–5 का रात्रिकालीन सफल परीक्षण बड़ी उपलब्धि है। इस मिसाइल को ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से पहली बार संपूर्ण क्षमता से दागा गया है। मिसाइल ने छोडे जाने के बाद 5500 किमी दूर जाकर निशाने को भेद दिया। डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने मिलकर इस मिसाइल को निर्मित किया है। इस मिसाइल के दायरे में अब पूरा एशिया, आधा यूरोप, रूस और यूक्रेन के साथ चीन की राजधानी बीजिंग समेत पूरा देश आ गया है। अग्नि–5 की क्षमता पचास हजार किलोग्राम वनज ले जाने की है। इसकी लंबाई 17.5 मीटर और 2 मीटर व्यास है। 1500 किलोग्राम वजनी परमाणु हथियार भी यह मिसाइल ले जाने व उन्हें निशाने पर साधने में सक्षम है। यह मिसाइल एक सेकेंड में 8.16 किमी दूरी तय करती है। एक घंटे में 29,401 किमी दूसी तय करने में सक्षम हैं। इसकी गति ध्वनि से 24 गुना अधिक है। चीन को आंखें दिखाने की दृष्टि से यह परीक्षण इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि चीन ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में भूमि हड़पने के प्रयास में भारतीय सेना से संघर्ष को अंजाम तक पहुंचाया है। भारत ने अपनी सैन्य–शक्ति में वृद्धि करते कम क्षमता वाली अग्नि–5 का निर्माण पहले ही कर चुका है। रक्षा मंत्रालय ने संक्षिप्त बयान में कहा, अग्नि–5 का सफल परीक्षण भारत की उस प्रामाणिक न्यूनतम प्रतिरोध वाली नीति के अनुरूप है, जो पहले उपयोग नहीं करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। परमाणु क्षमता से युक्त अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि–5 पर काम पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से चल रहा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य चीन के विरुद्ध भारत की परमाणु क्षमता को बढ़ाना है। चीन के पास डोंगफोंग–41 जैसे प्रक्षेपास्त्र हैं। इनकी मारक क्षमता 12000 से 15000 किमी तक प्रहार करने की है। रक्षा एवं अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) और डायनेमिक्स लिमिटेड के इस संयुक्त अभियान ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। मिसाइल के क्षेत्र में भारत इस परीक्षण के पहले से ही 5 हजार से 55 हजार किमी की दूरी तक मार करने की मिसाइल क्षमता वाले वैश्विक समूह में शामिल है। इसके पहले यह ताकत रूस, अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन के पास थी। हालांकि लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल अग्नि–5 का यह आठवां प्रायोगिक परीक्षण है। पहला परीक्षण 19 अप्रैल 2012, दूसरा 15 सितंबर 2013, तीसरा 10 सितंबर 2016, चौथा 26 दिसंबर 2016, पांचवां परीक्षण 18 जनवरी 2018 और छठा परीक्षण 3 जून 2018 को किया गया था। इस मिसाइल की मारक क्षमता 5000 से 8000 किमी से भी अधिक दूरी पर स्थित लक्ष्य को भेदने की है। 5500 किमी का अचूक निशाना साधने वाली बैलेस्टिक मिसाइल का यह परीक्षण देश के लिए सामरिक दृष्टि से तो महत्वपूर्ण हैं ही, सेना एवं जनता का मनोबल मजबूत करने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि हमें यह कामयाबी आशंकाओ के उस संक्रमण काल में मिली है, जब मिसाइल के क्षेत्र में भारत के चीन से पिछड़ने के दावे किए जाते रहे हैं। ऐसी विरोधावासी अटकलों में 85 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक से निर्मित अग्नि 5 का यह परीक्षण यह उम्मीद जगाती है कि हम देशज ज्ञान, स्थानीय संसाधन और बिना किसी बाहरी पूंजी के वैज्ञानिक उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम हैं। वैसे भी पश्चिमी देशों ने भारत को मिसाइल तकनीक देने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इस लिहाज से यह उपलब्धि पश्चिमी देशों के लिए भी आईना दिखाना है। सामरिक महत्व के हथियार यदि हम अपने ही बूते बनाएंगे तो हमारी गोपनीयता भंग होने का खतरा भी नही रहेगा ? भारत मे रक्षा उपकरणों की उपलब्धता की दृष्टि से प्रक्षेपास्त्र श्रृंखला प्रणाली की अहम भूमिका है। अब तक इस कड़ी में देश के पास पृथ्वी से वायु में और समुद्री सतह से दागी जा सकने वाली मिसाइलें ही उपलब्ध थीं, लेकिन अग्नि 5 ऐसी अद्भुत मिसाइल है, जो सड़क और रेलमार्ग पर चलते हुए भी दुश्मन पर हमला बोल सकती है। इस श्रृंखला में अग्नि–1 की मारक क्षमता 700 किमी, अग्नि–2 की 2000 किमी, अग्नि–3 की 3000 किमी, अगिन–4 की 3500 किमी और अग्नि–5 की 5000 से 5500 किमी तक है, अग्नि–6 मिसाइल की मारक क्षमता आठ हजार किमी है। यह जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल है। भारत ने अग्नि–1,2,3 मिसाइलों के परीक्षण पाकिस्तान को आंख दिखाने की दृष्टि से किए है, जबकि अग्नि–4,5 6 एवं 7 के परीक्षण चीन को ध्यान में रखकर किए गए हैं। भारत से चीन की 3488 किमी लंबी सीमा जुड़ी है, जो अधिकांश जगह विवादित है। अब इन मिसाइलों की जद में संपूर्ण एशिया और अफ्रीका महाद्वीप के साथ यूरोप का भी बड़ा हिस्सा आ गया है। यह मिसाइल एक बार छोड़ने के बाद रोकी नहीं जा सकती है। इसे सड़क के रास्ते कहीं भी पहुंचाया जा सकता है। इस खूबी के कारण इस मिसाइल को दुश्मन के उपग्रह की निगाहों से भी बचाया जा सकता है। इस मिसाइल से हम दुश्मन देश के उपग्रह भी नष्ट करने में सक्षम हो गए हैं। अग्नि–6 चीन की डोंगपोंग मिसाइल का जबाव देने में भी सक्षम है। हमारा जन्मजात दुश्मन देश पाकिस्तान भी मिसाइल निर्माण के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। उसके पास शाहीन–एक, 700 किमी, शाहीन–दो, 2000 किमी और शाहीन–तीन, 2750 किमी मारक क्षमता की मिसाइलें तैयार हैं। वह तैमूर नाम से 5000 किमी तक की मारक क्षमता वाली मिसाइल तैयार करने में भी लगा है। इस सफल परिक्षण के बाद चीन समेत कई विकसित देशों ने यह आशंका जताई हैं कि इस परीक्षण के बाद एशियाई परिक्षेत्र में हथियारों का भण्डारण करने की होड़ लगेगी। हालांकि यह सच्चाई नहीं है। पाकिस्तान ईरान व कोरिया पहले से ही मिसाइलों के निर्माण और उनके परीक्षण में लगे हैं। विकसित व घातक हथियारों के कारोबार में लगे देश भी अपने हथियारों को बेचने के लिए कई देशों को उकसाने में लगे रहते हैं। पूरी दुनिया को भस्मासुर साबित हो रहे इस्लामिक आंतकवादियों को हथियार मुहैया कराने का काम यूरोपीय देशों ने अपने हथियार खपाने के लिए ही किया था। यूक्रेन को भी यूरोपीय देश अर्थ एवं हथियारों की मदद देकर रूस से मुकाबला करने की ताकत दे रहे हैं। पाकिस्तान पोषित कश्मीर में आतंकवाद और ओड़ीसा व छत्तीसगढ़ में पसरा चीन द्वारा पोषित माओवादी उग्रवाद ऐसी ही बदनीयति का विस्तार हैं। भारत में एकीकृत विकास कार्यक्रम की शुरूआत 1983 में इंदिरा गांधी के कार्यकाल में हुई थी। इसका मुख्य रूप से उद्देश्य देशज तकनीक व स्थानीय संसाधनों के आधार पर मिसाइल के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना था। इस परियोजना के अंतर्गत ही अग्नि, पृथ्वी, आकाश और त्रिशूल मिसाइलों का निर्माण किया गया। टैंको को नष्ट करने वाली मिसाइल नाग भी इसी कार्यक्रम का हिस्सा है। पश्चिमी देशों को चुनौती देते हुए यह देशज तकनीक भारतीय वैज्ञानिकों ने इंदिरा गांधी के प्रोत्साहन से इसलिए विकसित की थी, क्योंकि सभी यूरोपीय देशों ने भारत को मिसाइल तकनीक देने से इंकार कर दिया था। भारत द्वारा पोखरण में किए गए पहले परमाणु विस्फोट के बाद रूस ने भी उस आरएलजी तकनीक को देने से मना कर दिया था, जो एक समय तक मिलती रही थी। किंतु एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिभा और सतत सक्रियता से हम मिसाइल क्षेत्र में मजबूती से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते रहे हैं।अब्दुल कलाम की सेवानिवृत्ति और मृत्यु के बाद इस काम को गति महिला वैज्ञानिक टीसी थॉमस ने दी है। श्रीमती थॉमस आईजीएमडीपी में अग्नि 5 अनुसंधान की परियोजना निदेशक हैं। उन्हें भारतीय प्रक्षेपास्त्र परियोजना की पहली महिला निदेशक होने का भी श्रेय हासिल है। 32 साल पहले टीसी थॉमस ने एक वैज्ञानिक की हैसियत से इस परियोजना में नौकरी की शुरूआत की थी। अग्नि–5 श्रृंखला की मिसाइलें विकसित करने से पहले उनका सुरक्षा के क्षेत्र में प्रमुख अनुसांधन 'री एंट्री व्हीकल सिस्टम' विकसित करना था। इस प्रणाली की विशिष्टता है कि जब मिसाइल वायुमण्डल में दोबारा प्रवेश करती है तो अत्याधिक तापमान 3000 डिग्री सेल्सियस तक पैदा हो जाता है। इस तापमान को मिसाइल सहन नहीं कर पाती और वह लक्ष्य भेदने से पहले ही जलकर खाक हो जाती है। आरवीएस तकनीक बढ़ते तापमान को नियंत्रण में रखती है, फलस्वरुप मिसाइल बीच में नष्ट नहीं होती। इस उपलब्धि को हसिल करने के बाद से ही टीसी थॉमस को 'मिसाइल लेडी' अर्थात् 'अग्नि – पुत्री' कहा जाने लगा। श्रीमती थॉमस को रक्षा उपकारणों के अनुसांधन पर इतना नाज है कि उन्होंने अपने बेटे तक का नाम लड़ाकू विमान 'तेजस' के नाम पर तेजस थॉमस रखा है।

**प्रमोद भार्गव, लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# शिक्षाविदों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को मसूरी रोड़ स्थित पेस्टल वीड कॉलेज में प्रिंसिपल प्रोगेसिव स्कूल्स एसोसिएशन (पीपीएसए) द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑफ प्रिंसिपल एंड टीचर्स के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन शिक्षा की गुणवत्ता और उसमें सकारात्मक बदलाव के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय इस कांफ्रेंस के माध्यम से जो सकारात्मक सुझाव प्राप्त होंगे, उनका सही प्रकार से क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रोग्रेसिव यानी प्रगतिशीलता ही है, जिसने दुनिया को की ताकत रखता है। आप अपने ज्ञान के बल पर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर इस युक्ति को चरितार्थ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था सदैव प्रगतिशील रही है। हमारे छात्र व शिक्षक सदैव उच्च स्तर के रहे हैं। दुनिया की असंख्य समस्याओं के निदान खोजने में भारत के जीवन मूल्य पूर्ण रूप से सक्षम हैं। उन्हीं मूल्यों के




अवसर पर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले शिक्षाविदों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि स्कूलों पर समाज की अपेक्षाएं रहती हैं जिस पर स्कूलों को खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा कि नए भारत के सपनों को साकार करने के लिए हमारे विद्यालयों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। स्कूल बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा दें और उन्हें नेतृत्व हेतु तैयार करने का प्रयास करें। राज्यपाल ने एसोसिएशन द्वारा इस आयोजन की बदला है और एक विकसित समाज का निर्माण किया है। एसोसिएशन अपनी प्रोगेसिव सोच के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति ला रहे हैं। उन्होंने उपस्थित शिक्षाविदों से कहा कि आपकी जिम्मेदारी है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था को विश्व स्तर तक पहुंचाएं। अपनी सोच, विचार और धारणा को उस स्तर तक ले जाएं जहां दुनिया भर के लोग अपने बच्चों को भारत के स्कूलों में पढ़ाने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक ही है, जो दुनिया को बदलने बल पर अपने स्कूलों को विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी के निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। उन्होंने विभिन्न प्रदेशों से आए शिक्षाविदों का उत्तराखण्ड में स्वागत करते हुए शिक्षा व्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की। इस कार्यक्रम में पीपीएसए के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कश्यप, उपाध्यक्ष श्री डी.एस. मान, मेजर जनरल से.नि शमी सबरवाल सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य व अध्यापक गण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने महिला आयोग की अध्यक्ष से महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाएं परिवर्तन की क्रांति लाने में सक्षम हैं। यहां की महिला परिवार का सबसे सशक्त सदस्य हैं।



उन्होंने कहा कि स्वयं भी जनपदों के भ्रमण के दौरान महिला समूहों के कार्य को देखा है जिससे वे बेहद प्रभावित हुए हैं। राज्यपाल ने अध्यक्ष से कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को सही मार्केट और उनके पैकेजिंग, ब्रांडिंग में सहायता करें। उन्होंने कहा कि आयोग स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों में वैल्यू एडिशन और उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण आदि में भी मदद करें।अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा ने कहा कि आयोग महिलाओं से सम्बन्धित शिकायतों के निपटारे के अलावा समय–समय पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने राज्यपाल को आश्वासन दिया की आयोग उत्तराखण्ड में महिला सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रमों में सहयोग करेगा। इस दौरान उन्होंने आयोग द्वारा किये जा रहे अन्य गतिविधियों की जानकारी भी राज्यपाल को दी। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कण्डवाल भी उपस्थित रहीं।

# ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार में घने कोहरे का येलो अलर्ट

देहरादून। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राज्य के मैदानी क्षेत्रों खासकर ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जैसे जिलों में घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, हरियाणा, पंजाब जैसे मैदानी राज्यों में भी घने कोहरे के आसार हैं।हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों ने अगले एक सप्ताह तक बारिश के साथ ही राज्य के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावनाओं से इनकार किया है। उनका कहना है कि 27 दिसंबर के बाद पश्चिमी विक्षोभ के पूरी तरह से सक्रिय होने के बाद मैदान से लेकर पहाड़ तक बारिश के साथ ही उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की पूरी संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक अगले पांच दिनों तक मौसम में बहुत अधिक बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। राजधानी दून व आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान सात डिग्री बने रहने की संभावना है।

# भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत


अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी अल्मोड़ा के पार्टी कार्यालय पाताल देवी में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नवनियुक्त पदाधिकारीयों का स्वागत किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों के लिए रूपरेखा तय की गई। आने वाले 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिन व प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम हर बूथ पर होना तय है जिसमें जागेश्वर सोमेश्वर व अल्मोड़ा विधानसभाओं के सभी बूथों में यह कार्यक्रम होगा। जिसमें पीएम मोदी के मन की बात के कार्यक्रम के पश्चात अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर इस दिवस को सुशासन के रूप में मनाया जाएगा। अल्मोड़ा जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा द्वारा जिला प्रभारी प्रदीप बिष्ट को फूल माला अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया तथा साथ में अल्मोड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक कैलाश शर्मा का स्वागत किया गया।जिलाध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। प्रदीप बिष्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ अपने अनुभवों को साझा किया।आगामी कार्यक्रमों की




रूपरेखा तय करते हुए कार्यकर्ताओं को किस तरीके से अपने अपने क्षेत्र में कार्य करना है उसको लेकर विचार रखो। कैलाश शर्मा ने भी भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाइ देते हुए कार्यकर्ताओं मैं नयाजोश भरने का प्रयास किया।कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, डीसीबी के चेयरमैन ललित लटवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष गोविंद पिलख्वाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लता बोरा, उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, प्रकाश भट्ट, मीना भैंसोड़ा, बीना नयाल, आनंद डंगवाल, महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, ललित सिंह दोसा, जिला मंत्री बंदना आर्य, महेश बिष्ट, संजय डालाकोटी, भोपाल, गोपाल सिंह, दीपक शाह, देवाशीष नेगी, कोषाध्यक्ष मनोज वर्मा, मीडिया प्रभारी राजेंद्र बिष्ट, संजय साह रिक्कू, मनोज जोशी, सलमान अंसारी, गिरीश खोलिया, मनीष जोशी, अमीत शाह मोनू, संजय कुमार, दीक्षांत पवार, नवीन बिष्ट, देवेंद्र सिंह सत्यपाल, धर्मवीर आर्य, हरीश कनवाल, जगत भट्ट, ललित जोशी, अर्जुन बिष्ट, मुकुल कुमार, हरीश नेगी, अशोक जलाल, संजय अग्रवाल, गोकुलानंद आर्य, देव कुमार, अशोक कुमार, शुभम शाह, शशिकांत जोशी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन उपरोक्त दोनों महामंत्रीयों द्वारा किया गया।

# बिना सुरक्षा मानकों के मजदूर पुलों में कर रहे कार्य

बागेश्वर(उद संवाददाता)। विगत माह जोशीगांव सरयू पुल में रंगरोगन कर रहे मजदूर के बाद भी जिला प्रशासन नहीं चेता है। बता दें कि विगत माह लोक निर्माण विभाग द्वारा जोशीगांव पुल में रंगरोगन कार्य करने पर दो मजदूरों की मौत हो गई थी। जिसे विभाग प्रशासन व ठेकेदार ने दबा दिया। इसके बाद उत्तरायणी की तैयारियों को लेकर पुलों में रँगरोधन का कार्य विभाग किया जा रहा है।दुर्घटना घटने के बाद भी सुरक्षा1मानकों की अनदेखी होना सवालिया निशान है।ऐसे में ऊंचे पुलों में रँगरोधन करते समय कभी भी मजदूर को चक्कर आने या कभी भी थोड़ी चूक होने पर कोई घटना होगी तो



इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा। इसके बाद भी नतो लोनिवि ही चेता है और नही श्रम विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है। जानकारी के अभाव में मजदूर भी हेलमेट, बेल्ट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें ठेकेदार व विभाग द्वारा सुरक्षा के उपकरण प्रदान नहीं किए हैं जिससे दिहाड़ी का हर्जा न हो इसलिए वे जान जोखिम में रखकर ही कार्य कर रहे हैं। बता दें कि इस मार्ग से प्रतिदिन जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी समेत श्रम विभाग के अधिकारी गुजरते हैं परंतु किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

# छात्रसंघ अध्यक्ष व महासचिव प्रत्याशियों ने किया जनसंपर्क

खटीमा(उद संवाददाता)। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय खटीमा में छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद कुमार, व महासचिव पद के प्रत्याशी निशीकेत भट्ट ने शक्ति प्रदर्शन कर अपने समर्थकों के साथ वोट मांगे,



राजकीय महाविद्यालय खटीमा में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद कुमार ने कहा कि उन्हें छात्रों का अपार समर्थन मिल रहा है, वही महासचिव पद के प्रत्याशी ने निशिकेत भट्ट ने छात्रों से संपर्क करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि वह छात्रों के हित के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे, उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव जीतने के बाद छात्रों के हित के लिए जरूरी मुद्दों को उठाया जाएगा, जनसंपर्क के दौरान दोनों पदों के प्रत्याशियों को अपार समर्थन मिल रहा है, जनसंपर्क के दौरान प्रदीप बेदी, प्रकाश बब्बर वजिन्दर सिंह मोमी, यशघ गहतोड़ी सुल्खा सिंह,सुच्चा सिंहआदि मौजूद थे।

# पुलिस ने मार्ग किनारे लावारिस मिला बैग स्वामी को लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस के कॉन्स्टेबल व होमगार्ड ने मार्ग किनारे मिला लावारिस बैग खोजबीन कर उसके स्वामी को लौटाकर सराहनीय कार्य किया है। जा करी के अनुसार 21 दिसंबर को कुसुम खेड़ा तिराहे पर ड्यूटीरत कांस्टेबल आलोक कुमार व होमगार्ड कैलाश भंडारी थाना मुखानी को एक भूरे



रंग का बैग मिला। जिसके अंदर आधार कार्ड, लैपटॉप, आईपैड, एक डायरी तथा विजिट कार्ड पाए गए। जिस पर ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों द्वारा बैग के स्वामी के बारे में आस पास पूछताछ की गई तो किसी का होना नहीं पाया गया। कर्मचारियों ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर बैग के असली मालिक की पहचान की। तत्पश्चात बैग के अंदर रखे आधार कार्ड एवं विजिटिंग कार्ड के माध्यम से व्यक्ति का नाम पता एवं मोबाइल नंबर की जानकारी प्राप्त कर व्यक्ति से संपर्क किया तो बैग स्वामी गोविंद सिंह मेहरा पुत्र इंदर सिंह निवासी एकता विहार फेस-2 कुसुमखेरा के रूप में हुई। जिसे थाना मुखानी बुलाकर महत्वपूर्ण दस्तावेजो और इलेक्ट्रोनिक गैजेट रखे हुए उक्त बैग को उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह थाना मुखानी के समक्ष बैग उनके सुपुर्द किया गया।

# सहज योग ध्यान सत्र आयोजित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व विख्यात संत श्री माताजी निर्मला देवी की 100वीं जन्मशती के अवसर पर विश्वभर में समाज कल्याण के लिए सहजयोग ध्यान सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ये सत्र रुद्रपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रुद्रपुर में सहजयोग ध्यान एवं आत्म साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ज्ञानोदय कार्यक्रम से लगभग 150 छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को इसका लाभ मिला। स्कूल की प्रधनाध्यापिका श्रीमता गायत्री पांडे ने इस जागरण सत्र की सराहना की। सभी शिक्षकों और छात्रों ने इस सरल ध्यान के माध्यम से



शांति की गहराई को महसूस किया। शिविर में बताया गया कि सहज योग परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी जी द्वारा शुरू की गई ध्यान की एक विश्व प्रसिद्ध विधि है। यह ध्यान की एक बहुत ही सरल और सहज दिव्य पद्धति है जिसका अभ्यास लगभग 140 देशों में किया जा रहा है। सत्र का संचालन सहज योग टीम प्रभारी श्रीमती रचना अरोड़ा पसरीचा द्वारा किया। उन्होंने कहा कि सहज योग टीम इस अवसर को भगवान के उपहार के रूप में सभी के लिए हमेशा मुफ्त में प्रदान करती है।

# गलत तरीके से नौकरी देने वालों पर भी हो कार्यवाही: कर्नाटक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।पूर्व दर्जा मंत्री एवं उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि विधानसभा मेंकार्यरत चुनिंदा कर्मचारियों को जिनकी नियुक्ति 2016 के बाद हुई थी को विधानसभा से निकाला जाना जहां सरकार की अपने चहेतों को बचाने की साजिश है वहीं दूसरी ओर ये भारतीय संविधान में निहित समानता के अधिकार अनुच्छेद 16 का भी उल्लंघन है।उन्होंने कहा कि समानता का अधिकार अनुच्छेद 16 स्पष्ट करता है कि राज्य के अधीन किसी भी कार्यालय में रोजगार या नियुक्ति से सम्बन्धित मामलों में सभी नागरिकों के लिए अवसर की समानता होगी।ऐसे में 2001 से 2016 तक की नियुक्तियों को वैध और 2016 से आगे की नियुक्तियों को अवैध ठहराकर सरकार ने समानता के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उडा दी हैं।उन्होंने कहा कि यदि विधानसभा में हुई नियुक्तियां गलत तरीके से की गयी हैं तो 2001 से की गयी सभी नियुक्तियों को तत्काल निरस्त किया जाए।लेकिन सरकार ऐसा नहीं करेगी क्योंकि 2016 से पहले विधानसभा में हुई नियुक्तियों में भाजपा के मंत्रियों के नजदीकियों को बंदरबांट की गयी हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार की इस निरंकुश नीति से विधानसभा से बर्खास्त एक सौ पचास परिवारों के सामने भूखे मरने की नौबत आ गयी है और वे परिवार धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में 2016 के बाद वाले कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर वाहवाही लूटने वाली स्पीकर ऋतु खंडूड़ी यदि सही होती तो एक समान न्याय कर राज्य बनने से अभी तक विधानसभा में गलत तरीके से की गयी सभी नियुक्तियों को निरस्त करती।लेकिन व्यक्तिगत रूचि लेते हुए वे विधानसभा में 2016 से पहले के बैकडोर भर्ती वालों को बचाने का कार्य कर रही हैं। 2016 से पहले की नियुक्तियों में कार्यवाही न होना सीधे तौर पर भाजपा की भाई भतीजावाद की राजनीति को सिद्ध करता है।

# थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रहरियों को नशा मुक्त और साइबर ठगी पर किया जागरूक

काफलिगैर(उद संवाददाता)। झिरौली पुलिस द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर ग्राम प्रहरियो से समस्या जानने के साथ ही बड़ते अपराधो के लिये जागरूक किया गया।झिरौली थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रावत द्वारा क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्टी कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था और बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए ग्राम प्रहरियों को जागरूक किया। क्षेत्र में स्कूल,कॉलेजों में नशा मुक्त,बाल अपराध ,साइबर गोष्ठी, जागरूक्ता अभियान चलाने के दौरान सहयोग की बात कही।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेन्द्र रावत द्वारा क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों से ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु



ग्राम प्रहरियों को उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं नशा करने वालों को चिन्हित कर पुलिस को सूचित करनेकी जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक द्वारा वर्तमान में बढ़ रहे बच्चों, महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा के अपराध, साइबर क्राईम,ऑनलाईन धोखाधड़ी, नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई तथा उत्तराखंड पुलिस द्वारा संचालित गौरा शक्ति एप्प के संबंध में भी जानकारी दी गयी । किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिला हैल्प लाईन नम्बरों 1090,112, व साइबर अपराध का शिकार होने पर 1930 पर कॉल करने हेतु बताया गया।

## पेज एक का शेष...

**कोरोना ने फिर ..**सतत संपर्क-संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों में जो भी नए केस मिले, उनकी जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। दैनिक टेस्टिंग को बढ़ाया जाए। गंभीर, असाध्य रोग से ग्रस्त लोगों, बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय के साथ तैयारी करें। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति के परामर्श के अनुसार आगे की नीति तय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार से सतत संपर्क-संवाद बनाए रखें। गृह, स्वास्थ्य और नगर विकास विभाग परस्पर समंन्वय के साथ आइसीसीसी को फिर से एक्टिव करने की तैयारी करें।

**अधिकारियों कर्मचारियों..**अग्निकांडों में 7955500 रूपये, वर्ष 2020 में 100 अग्निकांडों में 77793015 रूपये, वर्ष 2021 में 167 अग्निकांडों में 558085000 रूपये तथा वर्ष 2022 (10 दिसम्बर 2022 तक) 143 अग्निकांडों में 48103700 रूपये का नुकसान हुआ है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार काशीपुर-बाजपुर फायर स्टेशन तथा फायर यूनिट बाजपुर अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कमी से जुझ रहे हैं। दोनों में ही इंचार्ज अधिकारी, अग्निशमन अधिकारी तथा अग्निशमन द्वितीय अधिकारी का पद रिक्त है। काशीपुर फायर स्टेशन में 5 ड्राईवरों में से 1, ए.एस.आई.(एम.) का 1 पद, तथा फायर मैन के 26 में से 11 पद रिक्त है। जबकि बाजपुर फायर यूनिट में लीड फायर मैन का 2 में 1, ड्राईवर का 2 में से 1, फायर मैन के 6 में से 3 पद रिक्त है।**भेपालपानी पुल.** .से लदे भारी-भरकम ट्रक रात दिन पुल से गुजर रहे हैं, उन परिस्थितियों में इस तरह का धंसाव हो जाना सामान्य प्रक्रिया है। खामियों को जल्द दूर कर दिया जाएगा। भोपालपानी पुल में पहले भी धंसाव हो गया था। अधिशासी अभियंता जितेंद्र त्रिपाठी की अगुवाई में इंजीनियरों ने पुल पर तत्काल बैरिकेडिंग करने के साथ ही एक तरफ से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी थी। एहतियात के तौर पर पुलिस की तैनाती के साथ ही विभागीय अवर अभियंता की भी ड्यूटी लगाई थी। प्रमुख अभियंता ने पुल का निरीक्षण कर मुख्य अभियंता से इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तलब की थी। 2018 में जॉलीग्रांट एयरपोर्ट को जोड़ने वाले मोटर मार्ग पर भोपालपानी में आठ करोड़ की लागत से बनाए गए पुल में उद्घाटन से पहले ही दरारें आ गईं थी।

**शादी कराने के..**हमारी जो पहले बात हुई थी उसके अनुसार तुमने 65 हजार रुपये दिये है और अब तुम बकाया 35 हजार रुपये लेकर आओ और इस लड़की को ले जाओ। क्योकि तुम्हारा मेरा सौदा एक लाख रुपये में तय हुआ था। जिके बाद वह बमुश्किल अपनी जान बचाकर घर पहुँची। तब से वह व उसकी पुत्री काफी डरी सहमी है। उक्त्त लोग तब से लगातार धमकी दे रहे है यदि इसकी शिकायत पुलिस में दी तो हम झूठे मुकदमें में फसवा देगे। कोर्ट केआदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दज कर जांच शुरू कर दी है।

**कोर्ट के आदेश...**35 हजार रूपये, अंगूठी छीन ली और उसे बेल्टों, डन्डो व लोहे की राड से मारा जिससे वह बेहोश हो गया। उक्त लोग उसे मरा हुआ जान छोड़ कर भाग गये। उसे लगभग आधे घण्टे बाद जब थोड़ा होश आया तो सोनू खत्म उसके पुन: आया और खाली पर्स वापस कर दिया। घटना की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सीपीयू ने फिर..**से प्रशंसा हो रही है। यहां बताना यह भी है कि सीपीयू द्वारा किया गया यह कोई पहला मानवता का कार्य नहीं है। इससे पूर्व भी सीपीयू के जवानों ने कई जिंदगियों को मौत के मुंह में जाने से बचाया है। नेक कार्य में जंबो टीम के उपनिरीक्षक जसवंत सिंह, हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल अंकुर सिंह,व सुरेंद्र सिंह द्वारा तत्काल सहायता पहुंचाई गई।

**हजारों की नगदी..**चहल कदमी करते हुए एक शख्स को धर दबोचा। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रहमत शाह मजार के पास मोहल्ला अल्ली खां निवासी मोहम्मद शाकिर पुत्र इकबाल बताया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को सट्टे की पर्ची पेन डायरी के अलावा 1950 रुपयों की नकदी बरामद हुई। सटोरियों को कोतवाली लाकर जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा उसका गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया।

**२० हजार का..**को गडरी नदी पुल बेरिया दौलत केलाखेड़ा से गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी धारा 147/148/307/323/324/504/ 506 भादवि0 में वांछित था। काफी समय से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू मॉ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
MICROWAVE OVEN
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)